<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>वाराणसी, 12.05.2021</u>: काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में आया है कि "बीएचयू, महामना परिवार (वर्ल्डवाइड)" नाम से एक ऐप व फेसबुक पेज संचालित किया जा रहा है। अनेक लोग विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मियों से इस बारे में जानकारी मांग रहे हैं कि क्या ये पेज व ऐप विश्वविद्यालय से संबंधित है। इस संदर्भ में ये स्पष्ट किया जाता है कि "बीएचयू, महामना परिवार (वर्ल्डवाइड)" पेज अथवा ऐप का काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आधिकारिक रूप से कोई संबंध या सरोकार नहीं है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में ये भी लाया गया है कि कतिपय लोगों ने सोशल मीडिया पर बीएचयू एवं महामना के नाम का दुरुपयोग करते हुए पेज व अकाउंट बनाएं हैं एवं वे चंदा अथवा धनराशि संग्रह कर रहे हैं। **<u>इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन की छात्रों, विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों व आमजन से अपील है कि ऐसे किसी भी प्रयास से सावधान रहें।</u>** ऐसा कोई भी सोशल मीडिया अकाउंट या ऐप, जो आप से धन या चंदा एकत्रित कर रहा है, आधिकारिक रूप से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से संबंधित नहीं है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के नाम का दुरुपयोग ग़ैर कानूनी है एवं विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

जनसम्पर्क अधिकारी

Tel.:91-0542-2368598,2369608
E-mail: probhu@bhu.ac.in
VARANASI-221005 UP - INDIA